# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस)

राजस्व आवेदन सं. 26/2025

अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956

| प्रार्थीगण | बनाम | विप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1. उमत पत्नी वाइद<br>2. कुर्बान पुत्र वाइद<br>3. करीमत पत्नी नवाब<br>4. मोहमद पुत्र जीमल<br>5. रहमतुला पुत्र जीमल<br>6. सबीर पुत्र नबाब<br>7. सिदीक पुत्र नबाब, जातियान मुसलमान निवासीगण बामड़ला डेर, तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर। | | 1. खमीशा पुत्र शमशेर<br>2. मालिक पुत्र शमशेर<br>3. सलीम पुत्र अब्दुला<br>4. आरबखान पुत्र शमशेर<br>5. इब्राहिम पुत्र शमशेर<br>6. मुसा पुत्र शमशेर<br>7. सरादीन पुत्र शमशेर जातियान मुसलमान निवासीगण बामड़ला डेर तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर।<br>8. राज्य सरकार जरिए भूमिधारी तहसीलदार सेड़वा |

वकील प्रार्थीगण :– श्री दोष मोहम्मद आलीसर
विप्रार्थी संख्या :–01 से 07 के वकील– श्री आम्बाराम पूनड़

## –: निर्णय :–

दिनांकः– 28/11/2025

प्रार्थीगण उमत पत्नी वाइद जाति मुसलमान निवासी बामड़ला डेर तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर वगैरा की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 का संक्षेप में सार इस प्रकार है– **"प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण के खातेदारी कब्जा काश्त का खेत ग्राम मौजा – बामड़ला डेर, पटवार हल्का भंवार, भु.अभि. नि. क्षेत्र सेडवा के खसरा नम्बर 441/202 रकबा 7.2924 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 442/202 रकबा 7.2924 हैक्टेयर आये हुए है. जिसका मूल खसरा नम्बर 202 था। उक्त मूल खसरे का विभाजन होकर अलग तरमीम की गई है। नकल जमाबन्दी व नक्शा संलग्न है। मौके पर कब्जेकाश्त, ढाणी से भिन्न पटवारी हल्का व भू-निरीक्षक द्वारा नक्शे में त्रुटिपूर्ण गलत तरमीम कर दी। प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण के कब्जे, ढाणी से भिन्न गलत तरमीम की है। ऐसी सूरत में**

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.05 17:55:22 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

पटवारी हल्का द्वारा अप्रार्थीगण से मिलावट कर मौके पर कब्जेकाश्त के अनुसार तरमीन नहीं कर बने नक्शे से भिन्न अच्छी मिट्टी वाली भूमि पर अप्रार्थीगण की तरमीम कर दी तथा धोरे की जमीन मेरे तरमीम कर दी, नक्शे में की गई तरमीम मौके से भिन्न स्थिति की गई है, जिसे कब्जा कास्त अनुसार संलग्न नक्शे में नक्शा परिशिष्ट 'अ' में लाल कलर से दर्शाया गया है। इसी अनुसार तरमीम की जावें। जिससे बिना विधिक प्रक्रिया अपनाये की गई तरमीम कब्जे, बंट के विपरीत किया इन्द्राज अवैध व गैर कानूनी होने से मौके पर स्थित कब्जा, ढाणी, माठ अनुसार तरमीम की जाकर नक्शा दुरुस्ती करवाने का प्राथीगण हकदार होने से नक्शा दुरुस्त का प्रार्थना पत्र पेश है। तरमीम के वक्त मौके पर कब्जे काश्त से नक्शे से भिन्न तरमीम अवैध रूप से लिपिकीय त्रुटि से किया गया है जिससे उक्त लिपिकीय भूल को दुरूस्त करवाने का प्राथीगण कानूनी हकदार होने से यह प्रार्थना पत्र पेश है। प्रार्थीगण के राजस्व रेकर्ड में तरमीम गलत अंकन होने से प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण को अपने खेत को अधिक उपजाऊ बनाने के लिए, कृषि ऋण लेने के लिए, अपने खेत की नेखमबंदी करवानें के लिए कई कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है, जिससे प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण मौके पर कब्जेकाश्त, ढाणी, ट्युवेल, टांके, मांठ अनुसार रेकर्ड दुरूस्ती करवाने के विधि सम्मत अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र पेश है। अतः प्रार्थना पत्र मयं शपथपत्र पेश कर निवेदन है कि मौजा ग्राम– बामडला डेर, पटवार हल्का भंवार, भु.अभि. नि.क्षेत्र सेडवा के खसरा नम्बर 441 / 202 रकबा 7.6251 हैक्टेयर, खसरा नम्र 442 / 202 रकबा 7.2924 हैक्टेयर, का मौके पर स्थित कब्जा, ढाणी, माठ अनुसार अनुसार तरमीम की जाकर नक्शा दुरूस्ती करने का आदेश तहसीलदार सेडवा के नाम जारी फरमावें।''

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को नोटिस तलब किए। विप्रार्थी संख्या 01 से 07 की ओर से अधिवक्ता श्री आम्बाराम पूनड़ ने वकालतनामा पेश किया, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। हस्तगत प्रकरण में तहसीलदार सेड़वा से न्यायालय के आदेश क्रमांक रीडर / 2025 / 1772 दिनांक 28.08.2025 द्वारा तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन के लिए लिखा गया। कार्यालय तहसीलदार सेड़वा के पत्रांकः भू.अ. / 2025 / 949 दिनांक 12.09.2025 द्वारा न्यायालय तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.05 17:35:22 IST
Reason: SelfAttested



उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

प्राप्त हुआ, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। मुताबिक तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन **"मौके पर उपस्थित खातेदारों एवं मौतबिरानों के रूबरू ग्राम बामड़ला डेर के खसरा संख्या 441/202, 442/202 का मौका मुआयना किया गया। ग्राम बामड़ला डेर के खसरा संख्या 441/202 रकबा 7.2924 हैक्टेयर किस्म बारानी सोयम भूमि प्रार्थीगण के नाम व खसरा संख्या 442/202 रकबा 7.2924 हैक्टेयर किस्म बारानी सोयम भूमि विप्रार्थीगण के नाम खातेदारी राजस्व रेकर्ड में दर्ज है। उक्त खसरा संख्या 441/202 व 442/202 की लट्ठे में व ऑनलाईन भू–नक्शे में तरमीम इनके कब्जाका, रहवासी ढाणी व ट्यूबवेल अनुसार नहीं है। मौके व रेकर्ड में भिन्नता है। प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण के वर्तमान लट्ठाट्रेस में अंकित तरमीम को संलग्न नक्शे में परिशिष्ट 'अ' से दर्शित किया गया है। परिशिष्ट 'ब' में प्रार्थीगण के कब्जाकाश्त भूमि को हरा रंग से व विप्रार्थीगण के कब्जाकाश्त की भूमि को गुलाबी रंग से दर्शित कर प्रस्तावित किया गया है। संलग्न नक्शे में परिशिष्ट 'ब' कब्जाकाश्त ट्यूबवैल अनुसार तरमीम दुरुस्ती किया जाना उचित है। संलग्न नक्शा फर्द मौका(तरमीम दुरुस्ती) का अभिन्न अंग है। फर्द मौका मौके पर बनाई जाकर उपस्थित के हस्ताक्षर/अंगुष्ठ निशान अंकित करवाए गए।**

उभयपक्षकारान् अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर उभयपक्षकारान् अधिवक्ता ने बहस की। उभयपक्षकारान् अधिवक्ता ने बहस में तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त मौका रिपोर्ट को स्वीकार किया है। उभयपक्षकारान् अधिवक्ता की बहस पर न्यायालय द्वारा स्वस्थचित्त से मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर न्यायालय द्वारा युक्तियुक्त चिन्तन, मनन तथा विचारण उपरांत, प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र 26/2025 उनवान उमत वगैरा बनाम खमीशा वगैरा अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

अतः मुताबिक तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन अनुसार तहसील सेड़वा के पटवार मण्डल भंवार के ग्राम बामड़ला डेर के खसरा नम्बर 441/202 रकबा 7.2924 हैक्टेयर व खसरा संख्या 442/202 रकबा 7.2924 हैक्टेयर भूमि तहसीलदार

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.05 17:55:22 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

उनवान—उमत वगैरा बनाम खमीशा वगैरा
राजस्व आवेदन संख्या 26/2025

सेड़वा द्वारा परिशिष्ट ''ब'' में दर्शाए अनुसार प्रस्तावित तरमीम दुरुस्त किया जाना उचित है। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों, तथ्यों तथा तहसीलदार सेड़वा के तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन पर युक्तियुक्त विचारण के उपरांत जांच प्रतिवेदन में दर्शित परिशिष्ट ''ब'' अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में तरमीम दुरुस्त करने का आदेश दिया जाता हैं। तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन(पत्रांकः भू.अ./2025/949 दिनांक 12.09.2025 के संलग्न मौका जांच प्रतिवेदन दिनांक 05.09.2025, खसरा नक्शा व जमाबंदी, परिशिष्ट 'ब' अभिलेख आदि) निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तहसीलदार सेड़वा को आदेशित किया जाता है कि वह तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद करें। तहरीर जारी हो। पत्रावली संख्या से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 28/11/2025 को खुले इजलास में सुनाया गया।

(बद्रीनारायण, आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.05 17:55:22 IST
Reason: SelfAttested

# कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) सेडवा बाडमेर

/भू.अ./2025/ 959 दिनांकः—12.09.2025

4981 ता12

प्रेषितः— श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय
सेड़वा (जिला— बाड़मेर)

विषयः— राजस्व वाद संख्या 26/2025 अनवान उमत वगैरह बनाम खमीशा वगैरा अन्तर्गत RLR धारा 136,131 में तरमीम दुरस्ती रिपोर्ट भेजने बाबत।

प्रसंगः— श्रीमान जी आपके राजस्व वाद संख्या 26/2025 के के कम में

महोदय जी,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि आप द्वारा राजस्व वाद संख्या 26/2025 अनवान उमत वगैरह बनाम खमीशा वगैरा अन्तर्गत RLR धारा 136,131 में तरमीम दुरस्ती के सम्बन्ध में राजस्व ग्राम बामडलाडेर के खसरा नंबर 441/202, 442/202 में तथ्यात्मक रिपोर्ट आप द्वारा चाही थी। जिसकी भू.अभिलेख निरीक्षक सेडवा द्वारा दिनांक 05.09.2025 को मौका जांचकर वादी प्रतिवादी व पड़ोसियों मौतबरानों सहखातेदारों के रूबरू जांच रिपोर्ट तैयार की गई। जो इस पत्रांक के सलंग्न भिजवाई जा रही है।

सलंगनः— उरोक्तानुसार

भवदीय

( जोताराम मीणा )
तहसीलदार (भू.अ.)सेड़वा

12/09/25

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.05 17:55:22 IST
Reason: SelfAttested

प्रस्तुत कोर्ट

# मौका फर्द

आज दिनांक 05/09/2025 को श्रीमान तहसीलदार महोदय सेड़वा के आदेश क्रमांक/भू.अ./908-909 दि० 03/09/2025 एवं माननीय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा के राजस्व आवेदन सं. 26/2025 अनवान उमा वगैरा बनाम जमीयान वगै० अन्तर्गत धारा 131, 136 RLR Act में मौजा बामड़लाडेर पट.भंवार के खसरा नं. 441/202, 442/202 की तरमीम दुरूस्ती की तथ्यात्मक मौका रिपोर्ट तैयार करने हेतु हल्का पटवारी भंवार के साथ मौके पर आये। मौके पर उपस्थित खातेदार व मौतबरानो के रूबरू ग्राम बामड़लाडेर के खसरा नं 441/202, 442/202 का मौका मुआयना किया गया ग्राम बामड़लाडेर के खसरा सं. 441/202 रकबा 7.2924 हेक्टर भूमि प्रार्थीगण व खसरा नं. 442/202 रकबा 7.2924 हेक्टर भूमि विप्रार्थीगण के नाम खातेदारी राजस्व रेकर्ड में दर्ज है। उक्त खसरा संख्या 441/202 व 442/202 की लट्ठे में व ऑनलाईन भूनक्शे में तरमीम इनके कब्जाकाश्त, रहवासी ढाणी व ट्यूबवेल अनुसार नही है। मौके व रेकर्ड में भिन्नता है।

वर्तमान लट्ठा नक्शा में अंकित तरमीम को प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण के वर्तमान लट्ठा नक्शा में परिशिष्ट 'अ' से दर्शित किया गया है। संलग्न नक्शे में परिशिष्ट 'ब' में प्रार्थीगण के कब्जाकाश्त भूमि को हरा रंग से व विप्रार्थीगण के कब्जाकाश्त भूमि को गुलाबी रंग से दर्शित कर प्रस्तावित किया गया है।

संलग्न नक्शे में परिशिष्ट 'ब' कब्जाकाश्त ट्यूबवेल अनुसार तरमीम दुरूस्ती किया जाना उचित है।

संलग्न नक्शा फर्द मौका (तरमीम दुरूस्ती) का शामिल अंग है।

फर्द मौका मौके पर बनाई जाकर उपस्थित के हस्ताक्षर/अंगूठा निशान अंकित करवाये गये।

भंवार

05/09/25
ILR सेड़वा

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.05 17:55:22 IST
Reason: SelfAttested

रामनूजा

वली

करीम

प्रथम कॉपी

N


S

मौजा बामड़लाडेर

तह. सेड़वा

राजस्व आवेदन सं 26/2025 अनवान उमत वगैरा बनाम जमीला वगैरा में प्रस्तावित तरमीम दुरुस्ती

परिशिष्ट 'ब' (प्रस्तावित तरमीम कब्जाकाश्त ढाणियां ट्यूबवेल के अनुसार)




संकेत

प्रतिवादी के हिस्से की भूमि

वादी के हिस्से की भूमि

05/09/25

ILR सेड़वा

पटवार

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.05 17:55:22 IST
Reason: SelfAttested

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

रामतूला


**राजस्थान सरकार** **NIC-BHUNAKSHA**

**खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)** दिनांक : 05/09/2025 11:05:02 AM

जिला : बाड़मेर तहसील : सेडवा भू. अ. नि. क्षेत्र : सेडवा

पटवारी हल्का : भंवार ग्राम : बामडला डेर

राजस्व आवेदन सं. 26/2025 अनवान उमत वगैरा फ्मीशा वर्ग में तरमीम दुरूस्ती




खसरा संख्या :441/202 क्षेत्रफल : 7.2924 Hectare खाता संख्या : 66पुरानी खाता संख्या :191

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बा.सोयम [ 7.2924, 1.39 ]

1.) उमत पत्नि वाईद हिस्सा- 1/4 जाति- मुसलमान सा. देह खातेदार हिस्सा-1/4 ( पूर्ण खाता ) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा सेडवा

2.) कुर्बान पुत्र वाईद हिस्सा- 1/4 जाति- मुसलमान सा. देह खातेदार हिस्सा-1/4 ( पूर्ण खाता ) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा सेडवा

3.) करीमत पत्नि नवाब हिस्सा- 1/18 जाति- मुसलमान सा. देह खातेदार हिस्सा-1/18 ( पूर्ण खाता ) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा SERWA

4.) मोहमद पुत्र जमील हिस्सा- 1/6 जाति- मुसलमान सा. देह खातेदार हिस्सा-1/6 [illegible] ) SBI शाखा साता

5.) रहमतुला पुत्र जमील हिस्सा- 1/6 जाति- मुसलमान सा. देह खातेदार हिस्सा-1 [illegible] ) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा सेडवा

6.) सबीर पुत्र नबाब हिस्सा- 1/18 जाति- मुसलमान सा. देह खातेदार हिस्सा-1/18 [illegible] बैंक ऑफ इंडिया शाखा SERWA

7.) सिदीक पुत्र नबाब हिस्सा- 1/18 जाति- मुसलमान सा. देह खातेदार हिस्सा-1/18 [illegible] ) आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड शाखा BURHAN KA TALA

रामतुला (कुरबान)

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एवं सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।